हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026

06 पटाखे फोड़ने वाले बुलेट वाहन बने परेशानी...



07 बिना अनुमति और नियमों का पालन किए बगैर ही...





**खबर संक्षेप**

### शमसाबाद विधानसभा के सेऊ में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**नटेरन।** शमसाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेऊ में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन देवेश मीणा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर देवेश मीणा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई और कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से खेल के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अंशुज शर्मा, सरपंच बिकेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष संग्राम रघुवंशी, संजय रघुवंशी मूडरा, बृजेश चौकसे एवं जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### पंच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ

**विदिशा।** सत्संग भवन में पांच दिवसीय मानस सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रवचनकर्ता के रूप में साध्वी प्रेमलता दीदी ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों का सरल एवं सारगर्भित वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया। मंच पर मानस के वक्ता संत बजरंगशरण महाराज ने मानस के अद्भुत रहस्यों को उजागर किया। उनके प्रेरणादायी उद्बोधन से वातावरण भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर अशोक गोयल एवं संतोष ताम्रकार, शिरोमणि कुशवाह आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और मानस कथा का रसपान किया।

**वर्ग-3 में 810 पदों पर नजर:** नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले शिक्षित बेरोजगारों को मिल सकता है मौका

# विधानसभा में शिक्षक भर्ती की घोषणा से जागी उम्मीद, जिले में शिक्षकों के 3106 पद रिक्त

**2014 में भर्ती कई शिक्षकों को क्रमोन्नति का है इंतजार**

सचिन सक्सेना ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश विधानसभा में 15 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा के बाद जिले के शिक्षा विभाग में रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।

18 फरवरी को वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा की गई घोषणा के बाद स्थानीय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। जिले में वर्ग-1, वर्ग-2 और वर्ग-3 मिलाकर कुल 3106 पद खाली हैं। जिले में वर्ग-1 के 542 पद रिक्त हैं। इनमें विदिशा में 56, बासौदा 114, ग्यारसपुर 66, कुरवाई 60, नटेरन 91, सिरोंज 80 और लटेरी में 75 पद शामिल हैं। इन पदों की पूर्ति मुख्यतः पदोन्नति से की जानी है। पदोन्नति सूची जारी होने के बाद शेष पदों पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में भर्ती की संभावना है। वर्ग-2 में 1754 पद लंबे समय से रिक्त हैं। सर्वाधिक 431 पद सिरोंज में, 307 लटेरी, 282 नटेरन और 245 कुरवाई में खाली हैं। बासौदा 229, ग्यारसपुर 186, विदिशा 92 पद खाली हैं। इन पदों में से भी कई पद पदोन्नति से भरे जाने की बात कही जा रही है।

वर्ग-3 के 810 पदों पर सीधी भर्ती की संभावना है। कुरवाई 137, नटेरन 133, सिरोंज 171 और लटेरी (171) में सर्वाधिक पद रिक्त हैं। ग्यारसपुर में 61 और बासौदा में 99 वहीं विदिशा में 38 पद रिक्त हैं। एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षाएं समाप्त होने के बाद जून से पहले भर्ती विज्ञापन जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इससे बीएड और डीएड धारक युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारी एसपी सिंह जाटव का कहना है कि शिक्षकों की पदोन्नति का मामला न्यायालय में लंबित है। वर्ग एक, वर्ग दो व वर्ग तीन के 3106 पद रिक्त हैं। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा की जाती है।

## वर्ग 1 और 2 के खाली पदों की पदोन्नति के बाद तस्वीर होगी साफ

वर्तमान में जिलेभर में वर्ग एक के 542 और वर्ग दो के 1754 दोनों को मिलाकर कुल 2229 पद रिक्त हैं। लेकिन पदोन्नति सूची जारी नहीं होने से रिक्त पदों की संख्या को लेकर संशय की स्थिति बरकरार बनी हुई है। क्योंकि वर्ग एक व वर्ग दो के रिक्त पद पर पदोन्नति से भरे जाना है। कितने पद पदोन्नति से भरे जाएंगे फिलहाल सूची जारी न होने से स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। पदोन्नति सूची जारी हो जाने के बाद वर्ग एक व वर्ग दो के रिक्त पदों की तस्वीर साफ हो पाएगी।

**विधानसभा में शिक्षकों की भर्ती के एलान के बाद जागी उम्मीद :** जिले में लंबे समय से वर्ग तीन के 810 पद शिक्षकों के खाली पड़े हैं। शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद वित्तमंत्री द्वारा विधानसभा में प्रदेश में 15000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा के बाद जिले को कितने पद मिलेंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार शिक्षित बेरोजगारों को करना होगा। माना जा रहा है कि अगला शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले लोक शिक्षण संचनालय द्वारा शिक्षकों की भर्ती हो सकती है।

### वर्ग 3 में होगी सीधी भर्ती, बेरोजगारों को मिलेगा रोजगार

वित्तीय वर्ष 2026-27 के पेश बजट में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा राज्य विधानसभा के पटल पर 15 हजार शिक्षकों की भर्ती के एलान के बाद शिक्षक बनने की आश में बैठे शिक्षित बेरोजगारों की उम्मीद बढ़ गई है। प्रदेश में एमपी बोर्ड 10वीं - 12वीं की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद लोग शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा भर्ती निकाली जा सकती हैं। खास बात यह है कि शिक्षक बनने की आश में बैठे शिक्षक बेरोजगारों के सामने जिले में वर्ग तीन के 810 पद रिक्त होने के बाद भी आरक्षण से रिक्त पदों के बटवारे के बाद तस्वीर साफ हो पाएगी। सामान्य वर्ग के शिक्षित बेरोजगार टकटकी लगाए हैं।

# गुटखा पाउच सहित 17 हजार नकदी और सामान ले उड़ चोर

**सिंधी कॉलोनी में चोरों ने दुकान को बनाया निशान**



विदिशा। दुकान पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिंधी कॉलोनी में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर लगभग 17 हजार रुपए नकद, गुटखा पाउच और अन्य किराना सामान चुरा ले गए। दुकानदार राजेंद्र रामानी रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी।

उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में मदद कर रही है। दुकानदार राजेंद्र रामानी ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 17 हजार रुपए नकद, राजश्री के पाउच और महंगी टॉफियां सहित अन्य किराना सामान चोरी हुआ है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। स्थानीय निवासी नरेंद्र धनवानी ने भी सुबह दुकान के ताले टूटे होने और अंदर से नकदी व सामान गायब होने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# महिलाएं बोलीं: खुलेआम बेची जा रही शराब

*गांव गांव बिक रही अवैध शराब के खिलाफ अब महिलाएं मुखर होने लगी हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायतें आ रही हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। गांव में रैली निकालकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

रविवार को छीरखेड़ा गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीण महिलाओं ने प्रदर्शन कर दिया।

बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़क पर उतरकर अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि गांव में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है। इससे सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है, घरेलू विवाद बढ़ रहे हैं और युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है।

महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब की वजह से परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए विदिशा विधायक मुकेश टंडन मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं की बात सुनी और स्पष्ट कहा कि अवैध शराब का कारोबार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- **विधायक ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं की समस्या सुनी।**

विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक टंडन ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव में कानून व्यवस्था और सामाजिक वातावरण बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

# रायपुरा में सीसी निर्माण का विरोध, घटिया सामग्री और अतिक्रमण पर सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वार्ड 9 और 10 में बन रही रायपुरा बस्ती में सीसी सड़क निर्माण का रविवार को रहवासियों ने विरोध कर दिया।

रहवासियों ने बताया कि कागजों में 20 फीट चौड़ी सड़क स्वीकृत है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कई जगहों पर यह केवल 15 से 16 फीट ही बन पा रही है। रहवाासियों ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए ठेकेदार पर घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम डाली जा रही है, जिससे सड़क की मजबूती प्रभावित हो सकती है। रहवासियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर घटिया निर्माझा की समस्या उठाने पर उन्हें ठेकेदार के लोगों द्वारा धमकी दी जा रही है।



विदिशा। सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर के समक्ष शिकायत दर्ज कराते रहवासी।

## सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

स्थानीय निवासी अमित कुशवाह ने बताया कि स्वीकृत योजना के अनुसार 20 फीट चौड़ी सड़क बननी है, लेकिन सड़क किनारे बने चबूतरों और अन्य अतिक्रमणों के कारण पूरी चौड़ाई में निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अतिक्रमण न हटाए जाने और निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की। सूचना पर नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें दर्ज कराई है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत10 नवजात बेटियों को बेबी किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला चिकित्सालय में जन्मी 10 नवजात बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गईं।

यह वितरण कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिका जन्म को प्रोत्साहन देना एवं समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित करना है। नवजात बालिकाओं के परिजनों को बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य, पोषण और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में बालिका जन्म पर बेबी किट का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है। इससे न केवल परिवारों को प्रारंभिक सहयोग मिल रहा है, बल्कि बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की सकारात्मक सोच भी विकसित हो रही है।कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया गया कि बेटियाँ समाज की शक्ति हैं और उनके जन्म, शिक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



विदिशा। अस्पताल में नवजात बेटियों को बेबी किट वितरित की गईं।

# एम्बुलेंस में जुड़वा बेटियों का जन्म, लटेरी से जिला अस्पताल रेफर किया था, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

**प्रसव में अभी लगभग 15 दिन शेष थे, समय से पहले हो गई डिलीवरी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लटेरी से जिला अस्पताल रेफर की गई एक गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में जुड़वा बेटियों को जन्म दिया।

यह घटना बीती रात करीब 2 बजे हुई, जब रामगढ़ निवासी संतोष पत्नी विजय विश्वकर्मा को लटेरी के शासकीय अस्पताल से विदिशा भेजा जा रहा था। रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर एंबुलेंस स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए सुरक्षित प्रसव कराया।

एंबुलेंस में तैनात डॉ. सुरेश कुमार और पायलट धनराज सिंह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की। महिला ने दो स्वस्थ बच्चियों को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा और दोनों नवजातों को जिला अस्पताल विदिशा में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार, यह डिलीवरी समय से पहले हुई है और दोनों बच्चियों का वजन सामान्य से कम है। उन्हें विशेष देखभाल के लिए एसएनसीयू वार्ड में रखा है।



विदिशा। दोनों नवजात को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है।

# अलग-अलग मेंटनेंस के चलते कई इलाकों में बिजली गुल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में केबलिंग और मेंटेनेंस के चलते बिजली गुल रही।

शहर जोन-1 के 11 केवी बालविहार फीडर पर एलटी लाइन केबलिंग कार्य किया गया। इस कारण बालविहार, स्वर्णकार कॉलोनी, किन्नी मोहल्ला, माधवगंज, हॉस्पिटल रोड, लुहांगी मोहल्ला, निकासा, दुर्गा चौक और तलेया मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक बिजली बंद रही। इसी फीडर से जुड़े बालविहार क्षेत्र, बी-मार्ट मेन रोड और सिटी कोतवाली मेन रोड क्षेत्र में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इसी तरह इंद्रप्रस्थ जोन-2 के तहत उदय नगर कॉलोनी स्थित 33 केवी लाइन में मेंटेनेंस कार्य किया गया।

इससे इंडस्ट्रियल फीडर से जुड़े बंटी नगर, सुभाष नगर, पीतलमिल, आम वाली कॉलोनी, राजा भैया कॉलोनी और करैयाखेड़ा क्षेत्र में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रही। हसनाबाद फीडर अंतर्गत सरविया संत कॉलोनी, तमारिया पंचायत और दुर्ग विहार कॉलोनी में भी इसी अवधि में सप्लाई बाधित रही। फीडर नंबर 1, 2 और 3 से जुड़े न्यू गल्ला मंडी प्रांगण, मिजापुर और उदय नगर कॉलोनी फेज-1, फेज-2 क्षेत्रों में भी दोपहर 3 से 5 बजे तक बिजली कटौती की गई।

**उन्नत उद्यानिकी तकनीक सीखने 30 किसान यूपी रवाना हुए**

# जिपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्य पोषित योजना अंतर्गत जिले के किसानों को उन्नत उद्यानिकी तकनीकों से अवगत कराने किसानों को 5 दिवसीय भ्रमण पर ले जाया गया है।

जिले के 30 किसानों का दल 22 से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। कृषक दल को रविवार को जिला पंचायत परिसर से जिला पंचायत अध्यक्षा गीता कैलाश रघुवंशी, जनपद पंचायत नटेरन की कृषि स्थायी समिति के सभापति गजेन्द्र सिंह राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधियों तथा उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक एसएल सोलंकी द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सिट्रस, झांसी, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर, रहमानखेड़ा लखनऊ, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड अरोमैटिक प्लांट्स, लखनऊ, नेशनल हॉर्टिकल्चर बोर्ड में पंजीकृत मलिहाबाद स्थित नर्सरियों तथा आचार्य नरेंद्र देव यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, कुमारगंज अयोध्या का भ्रमण करेंगे।



विदिशा। कृषि विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बस को रवाना किया।

## उन्नत खेती करना सीख सकेंगे किसान

भ्रमण स्थानों पर किसानों को फल, सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की उन्नत किस्मों, पौध उत्पादन, आधुनिक प्रबंधन तकनीकों एवं उद्यानिकी आधारित स्वरोजगार के संबंध में व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रामचंद्र वर्मा को दल प्रभारी के रूप में अधिकृत किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसान अपने-अपने क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उद्यानिकी फसलों का विस्तार करेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी तथा जिले में उद्यानिकी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

# 'बेटियों को जीने दो' ग्रुप ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की पोती इला के लिए कपड़े भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बेटियों को जीने दो ग्रुप ने पूर्व मुख्यमंत्री व विदिशा-रायसेन संसदीय सीट से सांसद, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पोती इला के लिए मामा का घर भोपाल के पते पर कपड़ों का पार्सल कुरियर किया। चौहान परिवार में 21 जनवरी को नई दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इला का जन्म हुआ।

ग्रुप प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने बेटी के जन्म पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि अपनी पुत्री भूमि के चौथे जन्मदिन (2 सितंबर 2021) से शुरू पहल के तहत वे बिना एनजीओ या संस्था के निजी खर्च से देशभर में नवजात बेटियों को निःशुल्क कपड़े भेज रहे हैं। अब तक वे दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, झारखंड, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में 2126 से अधिक जोड़ी कपड़े वितरित कर चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### चना व मसूर उपार्जन पंजीयन 20 फरवरी से




**गंजबासौदा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक किया जाएगा। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से यह पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है। कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन की सुविधा पूर्व वर्षों की भांति सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं के स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की अपील

**गंजबासौदा।** मंगलवार को ट्रैड डील के विरोध में कांग्रेस की किसान महाचौपाल दशहरा मैदान न्यू मार्केट भोपाल में आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी बीएलए साथी, मंडल सेक्टर, अध्यक्षगण, समस्त संगठनों के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण वरिष्ठजनों से राज्यरानी एक्स्प्रेस से सुबह 8.30 बजे भोपाल पहुंचकर महाचौपाल में शामिल होने की अपील की है।

### लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट



**गंज बासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी है। जिससे यहां के रहवासियों, राहगीरों, दुकानदारों को अंधेरे के कारण परेशानी हो रही है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद है, जिससे रात के समय अंधेरा पसरा रहता है। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी गलियों के किनारे खड़े रहते हैं और आने जाने वाले लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। वहीं इस मार्ग से होकर जाने वाले पैदल राहगीरों, वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत वार्डवासी कई बार नपा के विद्युत ठेकेदार से कर चुके हैं, लेकिन अभी लाइट चालू नहीं की गई है।

# रजोदा में नींबू के झाड़ पर रह रहा 12 फीट का रेट स्नेक सांप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर से 2 किलोमीटर दूर ग्राम रजोदा स्थित खेत में लगे नींबू के झाड़ पर लगभग 10 से 12 फीट लंबा रेट स्नेक प्रजाति का सांप पिछले कई दिनों से रह रहा है। इस फार्म हाउस के मालिक संजय यादव ने बताया कि वे नियमित फार्म हाउस जाते रहते हैं। उनके फार्म हाउस के कर्मचारी ने उन्हें पहले बताया कि नींबू के झाड पर सांप बैठा हुआ है। जिस पर पहले उन्होंने ध्यान नहीं दिया, लेकिन कई दिनों तक जब सांप वहां से नहीं हटा तो उन्होंने उस पर ध्यान दिया। अब इस सांप को नींबू के झाड पर रहते हुए कई दिन हो गए हैं। संजय यादव के अनुसार हांलाकि यह सांप रेट स्नैक प्रजाति यानि चूहे खाने वाला सांप है, जो विषैला नहीं होता है। इसे धामन, घोडा पछाड और पनिया सांप भी कहा जाता है।

## पूर्वी रेलवे कॉलोनी मार्ग निर्माण शुरू, विकास को मिलेगी रफ्तार

# साढ़े छह करोड़ रुपए की लागत से होंगे निर्माण कार्य, भूमि पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने रविवार को साढ़े पांच करोड रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें हरदूखेड़ी रेल्वे फाटक से बेतौली डिपो तक सीसी रोड निर्माण और गंजबासौदा-उदयपुर मुख्य मार्ग से हरिपुर खेरुआ तक सड़क निर्माण एवं ग्राम पंचायत पचमा भवन निर्माण का भूमि पूजन किया गया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने पूर्वी रेलवे कॉलोनी में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में साढ़े छः करोड रुपए की लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। जिसमें 4 करोड 48 लाख रुपए की लागत से बहलोट चौकी पहुंच मार्ग हरदूखेड़ी रेलवे फाटक से त्योंदा रोड स्थित बतौली डिपो तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। 23 लाख रुपए की लागत से गंजबासौदा-बरेठ रोड मुख्य मार्ग से हरिपुर खेरुआ तक मार्ग पर डामरीकरण किया जाएगा। साढ़े 37 लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत पचमा भवन का निर्माण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि इन सड़कों से नगर को गति मिलेगी। इन मार्गों से नगर की जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार माना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, सरपंच रामनारायण मीणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लाखन रघुवंशी, डॉ. राकेश जादौन, जितेंद्र मैना, चंद्रशेखर दुबे, रामबाबू यादव, रमाकांत मिश्रा, रूपेंद्र शर्मा गुड्डा, रवि दुबे, गोपाल आचार्य, संजय पुरोहित, राजू रैकवार, संजू राय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# सड़क के बीच खाली जगह पर सीमेंटीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के जय स्तंभ चौक से बरेठ रोड जाने वाले मार्ग पर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के बाहर कुछ दिन पूर्व सड़क के बीच बने डिवाइडर को स्मार्ट सिटी योजना के तहत सडक के दोनों ओर किए जा रहे चौडीकरण कार्य के चलते नपा प्रशासन ने हटवा दिया था। जिससे मार्ग चौड़ा हो गया लेकिन डिवाइडर हटने से सड़क के बीच खाली जगह में मिट्टी धंसने से गड्ढे हो गए हैं एवं विगत दिनों हुई बारिश से कीचड़ हो जाने से दो पहिया वाहन फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त होते रहे। अब यह गड्डा आवागमन में परेशानी खडी कर रहा है। दुकानदार शिवराज, अरुण, नवल सिंह, अशोक जैन, राम बाबू पटेल, मंजू, रानू, सोनू आदि ने सड़क के बीच खाली जगह पर सीसीकरण किए जाने की मांग की है, ताकि आवागमन में परेशानी न हो।

# संतों की कुटिया तक पहुंची कथा की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भगवान सीताराम की तपोभूमि चित्रकूट के पावन धरा पर सनकादिक आश्रम में नगरवासियों की ओर से आयोजित हो रही नौ दिवसीय भरत चरित्र की कथा में भरत जी के त्याग, विनय और चरण-वंदन के भाव ने ऐसा प्रभाव छोड़ा कि श्रोता केवल कथा सुनकर नहीं लौटे, बल्कि संतों के सान्निध्य की खोज में निकल पड़े। इसी भाव-प्रेरणा में कथा के चतुर्थ दिवस रविवार को कथा-परिकर के भक्ति चित्रकूट की प्रसिद्ध टाटी घाट के तपोवन पहुँचे। टाटी घाट में 100 साल से ऊपर कई संत गुप्त स्थान में दिन-रात राम नाम का भजन कर रहे हैं। जो कभी चित्रकूट छोड़कर बाहर नहीं जाते। भरत चरित्र पर आधारित कथा ने भक्तों के मन में संत-संग की लालसा जगा दी। रविवार को नौलखी खालसा के श्री महंत एवं कथा व्यास राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य में मंदाकिनी नदी के तट की ओर घने जंगलों के बीच करीब तीन किलोमीटर की दुर्गम पदयात्रा कर टाटी घाट में परिकर तपस्वी संतों की कुटियों तक पहुँचे। पथरीली चढ़ाइयाँ, सँकरी पगडंडियाँ और एकांत वन-प्रदेश हर मोड़ पर साधना की कठोरता का साक्षात्कार हुआ। कठिन मार्ग के बावजूद परिकरों की गति थमी नहीं बल्कि दर्शन की लालसा थकान से बड़ी साबित हुई। कुटियों में निवासरत तपस्वी वैरागी संत मोहनदास, चतुर्भुज दास महाराज, मोनी दाऊ, सियाराम बाबा और पंजाबी भगवान के दर्शन कर परिकरों ने आशीर्वाद लिया। वर्षों की साधना से दमकते संतों के मुखमंडल पर शांति की आभा और वाणी में स्थिरता दिखाई दी। तपोवन में रामनाम संकीर्तन की ध्वनि के बीच संतों का जीवन-क्रम देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। दर्शन के दौरान वयोवृद्ध तपस्वी टीकारामदास से भी भेंट हुई, जो प्रतिदिन पाँच लाख राम नाम जप की साधना करते हैं।

# ई-रिक्शा चालक रोज-रोज रेलवे स्टेशन पर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के रेलवे स्टेशन पर यातायात व्यवस्था को सबसे ज्यादा ई रिक्शा चालक बाधित कर रहे हैं। जैसे ही ट्रेन आने का अनाउंस होता है वैसे ही ई रिक्शा चालक मनमाने ढंग से रेलवे स्टेशन परिसर में अपने ई रिक्शा इधर उधर खड़े करते हैं। जिससे रेल यात्रियों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ई रिक्शा चालक यातायात व्यवस्था को प्रतिदिन अवरुद्ध करते हैं। समय समय पर आरपीएफ द्वारा ई रिक्शा चालकों पर कार्रवाई की जाती है। जनवरी माह में आरपीएफ द्वारा लगभग 70 ई रिक्शा चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई थी। वहीं फरवरी माह में आज तक 50 ई रिक्शा चालकों पर जुर्माना किया जा चुका है। लेकिन ई रिक्शा चालक अपनी आदत से मजबूर हैं, नजर हटते ही अपने ई रिक्शा को इधर उधर एवं बीच सड़क पर खड़ा कर यातायात को अवरुद्ध कर देते हैं।

# निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

रविवार को त्योंदा के शासकीय अस्पताल में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक पवन भोई एवं अस्पताल के नेत्र सहायक अरविन्द नोड्या ने लगभग 65 लोगों के नेत्रों की जाँचकर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने ट्रस्ट की सराहना की और बताया कि वर्ष भर में ट्रस्ट द्वारा 52 हजार से अधिक ऑपरेशन किये जाते हैं। उक्त शिविरों का संचालन रवि उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में किया जाता है। इस मौके पर कैंप प्रभारी लखन कुशवाह, विशाल कुर्मी, मिलन बघेल ने अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर में 25 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, 15 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए एवं 20 लोगों को चश्मे प्रदान किये गए। 21 मरीजों को मोतियाबिन्द चिन्हित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के समस्त स्टॉफ एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ ने सहयोग प्रदान किया।

### यादव महासभा ने फिल्म का विरोध किया

**गंजबासौदा।** यादव जी की लव स्टोरी फिल्म का जमकर विरोध हो रहा है। यह फिल्म 27 फरवरी को रिलीज हो रही है। यादव महासभा के पदाधिकारी फिल्म का जमकर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से फिल्म पर बैन लगाने की मांग की है। जिसको लेकर यादव समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपकर आवाज उठाई।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जन गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को दोपहर के समय उत्कर्ष भवन, संघ कार्यालय, बैहलोट बापास मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की गई। यहां उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विगत 100 वर्षों से व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज परिर्वतन का काम कर रहा है। अपने शताब्दी वर्ष में समाज की सज्जन शक्ति के साथ मिलकर एक सशक्त, समर्थ और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। इसी पावन लक्ष्य के लिए प्रबुद्ध एवं प्रभावशाली महानुभावों के साथ विचार विमर्श के लिए रविवार को दोपहर 2 बजे से संघ कार्यालय उत्कर्ष भवन में प्रबुद्धजन गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता अनिल डागा रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही उपस्थित महानुभावों के भी विचार एवं जिज्ञासाएं सुनीं गईं और उनका समाधान किया गया। इस दौरान क्षेत्र ग्राम विकास प्रमुख मौजूद रहे।

## श्रमदान दल ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर सफाई अभियान चलाया

# बेतवा नदी के रिपटा घाट पर फैंकी जा रही मेडिकल सामग्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत बीसवें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम रिपटा घाट पर आयोजित किया गया। वर्षों से निरंतर चल रहे इस स्वच्छता एवं जन जागरूकता-अभियान के तहत श्रमदान दल के सदस्यों ने घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को एकत्रित कर नदी को स्वच्छ रखने का प्रयास किया। लेकिन इस बार जो दृश्य सामने आया, उसने केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया। घाट क्षेत्र में मुंडन संस्कार के लिए निर्धारित स्थान होने के बावजूद बड़ी मात्रा में इधर-उधर कटाए गए बाल फैले मिले। यह स्थिति न केवल अस्वच्छता को बढ़ावा देती है, बल्कि नदी की पारिस्थितिकी के लिए भी हानिकारक है। यही कारण है कि भारतीय रेल में कार्यरत श्रमदान दल के सदस्य मुकेश अहिरवार ने बताया कि बाल जल में सड़कर दुर्गंध, जल की गुणवत्ता में गिरावट और सूक्ष्म जीवों के असंतुलन का कारण बनते हैं। यह केवल धार्मिक अवशेष नहीं, बल्कि प्रदूषण का स्रोत बन जाते हैं। पिछले कुछ दिनों से घाट पर मेडिकल सामग्री का अवैध निस्तारण किया जा रहा है। गंभीर बात यह रही कि रविवार को भी घाट किनारे मेडिकल व सर्जिकल कचरे की बड़ी मात्रा पाई गई एवं उपयोग की गई एक्सपायर रैपिड डायग्नोस्टिक किट, मेडिकल पैकेजिंग और अन्य चिकित्सीय अपशिष्ट खुले में पड़े मिलना असंवेदनशीलता का हिस्सा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस प्रकार का जैव-चिकित्सीय कचरा संक्रमण फैलाने, जल को विषाक्त करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न करने की क्षमता रखता है। यह न केवल पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मानवता के विरुद्ध एक गंभीर लापरवाही भी है। श्रमदान दल के सदस्य नितिन अग्रवाल ने अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह अमानवीयता की पराकाष्ठा ही है जो नदी को "माँ" कहने वाला समाज उसी माँ की गोद में मेडिकल कचरा फेंके, तो इसे क्या कहा जाए? क्या यह अज्ञानता है, सुविधा है या संवेदनहीनता? श्रमदान दल के सदस्यों ने इसे अमानवीयता की पराकाष्ठा बताते हुए कहा कि धार्मिक आस्था और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच का यह विरोधाभास चिंताजनक है।

श्रमदान दल ने नगरवासियों से अपील की है कि मुंडन सामग्री निर्धारित स्थान पर ही एकत्रित करें, मेडिकल व सर्जिकल कचरे का वैज्ञानिक एवं सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित करें और नदी को कचरा पात्र समझने की मानसिकता त्यागें। इस मौके पर श्रमदान दल के सभी नियमित सदस्य और बाल श्रमदान भी नदी स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम में शामिल रहे।

# पटाखे फोड़ने वाले बुलेट वाहन बने परेशानी का कारण,कार्रवाई बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



फाइल फोटो

नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों में पटाखे फोड़ने वाले बुलेट वाहन आमजन की परेशानी का कारण बने हुए हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। ये बुलेट वाहन मॉडिफाइड साइलेंसर के कारण तेज ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं, जिससे न केवल आम लोगों को परेशानी हो रही है, बल्कि बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि इस समय कक्षा 5, 8, 10, 12 की वार्षिक परीक्षाएं संचालित हो रहीं हैं। जिससे विद्यार्थियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पटाखे फोड़ने वाले बुलेट वाहनों से न केवल ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि ये हार्ट अटैक का भी खतरा बढ़ाते हैं। एकाएक तेज ध्वनि से दिमाग का संतुलन बिगड़ सकता है और सड़क हादसा भी हो सकता है। जागरूक नागरिकों ने पटाखे फोड़ने वाले बुलेट वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर बाइक मैकेनिक ही लगाते हैं। इसलिए नगर के मैकेनिक एसोसिएशन की बैठक लेकर उन्हें इस संबंध में हिदायत दी जाए। साथ ही मोडिफाइड साइलेंसर भी काफी मंहगे लगते हैं और ऐसे वाहन चालकों को पकडकर उनके अभिभावकों को भी इस संबंध में जानकारी देकर भविष्य में ऐसे साइलेंसर लगवाने के लिए युवाओं को आर्थिक मदद न देने की समझाइश दी जाए। जिससे तेज आवाज करने वाले साइलेंसरों का उपयोग बंद हो सके। इस संबंध में यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि यातायात पुलिस ने ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कार्यशाला में अजीवन सहयोग निधि एवं वीबीजीआरएम पर हुआ मंथन

# भारत का विकास भाजपा का एकमात्र उद्देश्य है : विधायक उमाकांत शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाने के क्रम में रविवार को जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अजीवन सहयोग निधि संग्रह अभियान एवं विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबीजीआरएम) पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारतमाता एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं वक्ता के तौर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा उपस्थित रहे।

#### संगठन की एकता एवं विचारधारा पर दिया जोर

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं की एकता एवं समर्पण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश फैलाकर पार्टी एवं संगठन की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, किंतु कार्यकर्ताओं को इन अफवाहों पर ध्यान न देते हुए सक्रिय रहकर विचारधारा और संगठन के लिए कार्य करते रहना है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पंडित जी की आर्थिक स्थिति अत्यंत साधारण थी और उनका लालन-पालन नाना जी के परिवार में हुआ था। जब गुरु जी ने उन्हें राजनीति में आने का आग्रह किया तो उन्होंने असहमति जताई, जिस पर गुरु जी ने स्पष्ट कहा कि समाज और राष्ट्रहित के लिए व्यक्तिगत रुचि न होने पर भी कार्य करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। पंडित जी ने देश के कोने-कोने में घूमकर अपनी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का महान कार्य किया। तो वही कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए विधायक श्री शर्मा ने कहा कि यह पार्टी आरंभ से ही परिवारवाद की राजनीति करती रही है। देश की स्वतंत्रता के पश्चात प्रधानमंत्री पद के चुनाव में सरदार वल्लभभाई पटेल विजयी हुए थे, किंतु प्रधानमंत्री पद पंडित नेहरू जी को सौंपा गया। उन्होंने यह भी कहा कि आज कई लोग गांधी सरनेम का उपयोग कर रहे हैं, जबकि वास्तविक गांधी परिवार के वंशज सक्रिय राजनीति में नहीं हैं, विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमें वह दौर याद रखना चाहिए जब गाँवों तक पहुँचने के लिए कच्चे रास्तों पर चलना पड़ता था। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गाँव-गाँव तक सड़कों का जाल बिछाया और आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार के हालिया बजट में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अजीवन सहयोग निधि में योगदान दिया। संगठन द्वारा इस बार कार्यकर्ताओं से सहयोग निधि के लिए राशि चेक की माध्यम से प्राप्त की गई हैं।

#### केवल नाम हीं नहीं बदला बल्कि योजना को बनाया लाभकारी

कार्यशाला के द्वितीय सत्र को पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने संबोधित किया। उन्होंने वीबीजीआरएम विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा इस योजना के नाम परिवर्तन को लेकर विरोध किया जा रहा है, किंतु वास्तविकता यह है कि इसमें किए गए बदलावों से ग्रामीण जनता को पहले की तुलना में कहीं अधिक लाभ मिल रहा है, उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल से ग्रामीण रोजगार की परंपरा चली आ रही है, जो क्रमशः जवाहर योजना, नरेगा और मनरेगा के नाम से संचालित होती रही। इन योजनाओं में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आया। अब प्रधानमंत्री जी ने योजना के नाम के साथ-साथ उसके प्रावधानों में भी सुधार किए हैं। पहले श्रमिकों को 100 दिन का रोजगार मिलता था, जिसे अब बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि आवेदन के 15 दिनों के भीतर रोजगार अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।

#### विधायक ने कार्यकर्ताओं से भेंट कर सुनीं समस्याएं

कार्यक्रम के समापन पर विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत भेंट की और उनके द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के माध्यम से अवगत कराई गई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम का आभार कैलाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू,जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी,वरिष्ठ भाजपा नेता हरिबाबू भार्गव,संतोष चौरे,सीताराम कुशवाह,रमेश यादव,झार सिंह दांगी,चरण सिंह राजपूत सहित नगरमंडल,देवपुर मंडल एवं चितावर मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नपा हटाती है कब्जे, फिर से लगा लेते हैं दुकानें

## शहर के विकास में रुकावट बने कोट गेट में वर्षों से अपने पैर जमाए बैठे अतिक्रमणकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज शहर को सुंदर बनाने व क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा काफी गंभीर नजर आ रहें है। नगरवासियो को हर सुविधा व शासन की हर योजना का लाभ मिलें इस उध्देश्य को लेकर विधायक श्री शर्मा लगातार प्रयास कर रहें है। यदि शहर में विकास कार्यो की बात कि जाए तो विगत कई माह से विकास कार्य भी तेजी से किए जा रहें है। इसी के साथ नगर के कोट गेट में वर्षो से खण्डर में तब्दील हुई इमारतो को गिराकर शहरवासियो को एक बडी सौगात देने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा प्रयास कर रहे है। लेकिन उक्त कोट गेट में कई वर्षो से अपनी जडें जमाए बैठे अतिक्रमणकारी विकास कार्यो में रूकावट डालते नजर आ रहें है। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण पर की गई कार्यवाही को यदि देखा जाए तो नपा द्वारा इन अतिक्रमणकारियों पर कई बार कार्यवाही की गई। लेकिन नपा अमले के जाने के बाद पुनः यह अतिक्रमणकारी अपने जडें जमा लेते है।

#### विकास कार्यो में रुकावट और आम नागरिक भी परेशान

नगर के कोट गेट में अतिक्रमणकारी एक तरफ शहर के विकास कार्यो में रूकावट बने हुए है तो वही दूसरी और आम नागरिको के लिए परेशानियो का कारण बनें हुए है। यदि देखा जाए तो नगर के कोट गेट में जूते-चप्पल की दुकान लगाने वाले यह अतिक्रमणकारी इस तरह सड़क पर अपना कब्जा जमाए हुए है जैसे कि यह इनकी निजी भूमि हो, लगभग 40-50 फीट की जगह में एक दुकानदार अपनी दुकान को इस तरह फैलाए बैठे है जिससे आम नागरिको का पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। इसी बीच मार्केट में यदि कोई दो पहिया या चार वाहन आ जाता है तो घण्टो जाम की समस्या का सामना आम नागरिको को करना पड़ता है। इतना ही नही यदि शुक्रवार के दिन सिरोंज का बाजार होने के कारण उक्त स्थान पर अधिक भीड़ देखी जाती है। इसका फायदा भी अतिक्रमणकारी बखूबी उडाते है और राहगीरो के लिए निकलने वाली जगह पर भी यह अपनी दुकानो का सामान रख कर आम नागरिको को होने वाली परेशानी हसते हसते देखते है।

#### सड़कों पर रख लेते हैं शोरूम जितना माल

नगर के कोट गेट में कई ऐसे अतिक्रमणकारी भी है जो कि कई वर्षो से पत्रकारिता की आड में सड़क पर अपने पैर जमाए बैठे है। जब भी नगर पालिका द्वारा कोट गेट में अतिक्रमण पर कार्यवाही की जाती है तो कुछ अतिक्रमणकारी पत्रकारिता की धोस देते हुए नपा कर्मचारियो को कार्यवाही करने से रूकते नजर आते है। जिस कारण नपा इन अतिक्रमणकारियो पर कार्यवाही करने में पूरी तरह सक्षम नही हो पाते। यदि देखा जाए तो कोट गेट के अंदर छोटी-छोटी कपडो की दुकान लगाकर व्यापार करने वाले तो मात्र कुछ ही जगह में अपना व्यापार कर लेते है लेकिन जूते-चप्पल का विक्रय करने वाले दुकानदार सड़क पर ऐसे फैलकर अपनी दुकान जमा लेते है जिसे देखने में ऐसा लगता कि यह जूते-चप्पल की दुकान नही बल्कि कोई बडा शोरूम हो।

#### इनका कहना है

नगर पालिका द्वारा कोटगेट में अतिक्रमण कार्यवाही की गई है। साथ ही वहा गुमठी व टेबिल लगाकर व्यापार करने वाले व्यापारियो को सख्त निर्देश दिए गए है वह हाथ ठेलो पर अपना व्यापार करें। यदि कोई व्यक्ति टेबिल या गुमठी रखता है तो नपा द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी।

राम प्रकाश साहू
सीएमओ नगर पालिका सिरोंज।

### आनंद वृद्ध आश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आयुर्वेद एवं आहार कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन के आयुष विभाग के तत्वाधान में समग्र कल्याण एवं योग कार्यक्रम के अंतर्गत "गतिज एवं मानसिक सुधार कार्यक्रम" के तहत आनंद वृद्ध आश्रम मे निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, योग, आयुर्वेद एवं आहार कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. पारुल सारस्वत (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. रवि कुमार मिश्रा (होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी) द्वारा 65वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मौसम परिवर्तन में अपने को मौसमी बीमारियों से कैसे बचाएं इसके उपायों के बारे में अवगत कराया।

## उदयपुरा, बरेली में सबसे अधिक दो लाख 61 हजार मतदाता दर्ज

### उदयपुरा में सबसे अधिक नाम कटे और जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

रायसेन जिले कि 4 विधान सभा में से उदयपुरा विधान सभा क्षेत्र में सबसे अधिक 2 लाख 61 हजार 5 मतदाता हो गए है। निर्वाचक नामावली मतदाता 2048 नाम काटे गए, 7398 नाम जोडने के साथ 2285 मतदाताओं का संशोधन भी उदयपुरा बरेली विधान सभा में हुआ।



नर्मदा मैया के किनारे-किनारे 100 कि.मी. लम्बे क्षेत्र में उदयपुरा विधान सभा क्षेत्र में देवरी, उदयपुरा, बरेली तहसीलों का पूरा क्षेत्र एंव बाड़ी तहसील का भारकच्छ कला राजस्व मंडल आता है। विधान सभा में बाड़ी और उदयपुरा जनपद क्षेत्र की 100 से अधिक ग्रा.प. आती है। उदयपुरा विधान सभा क्षेत्र में 136341 पुरुष और 124662 महिला के साथ दो अन्य मतदाता होने के साथ रायसेन जिले की चार विधान सभा में सबसे अधिक 261005 मतदाता संख्या हो गई है। इसी के साथ सबसे अधिक 364 मतदान केन्द्र वाली विधान सभा हो गई है।

उदयपुरा विधान सभा क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या युवाओं की है। महिलाओं से अधिक पुरुष मतदाताओं की संख्या है। पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा के युवा नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने 40 हजार से अधिक मतों के अन्तर से कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल को शिकस्त दी नरेन्द्र शिवाजी पटेल पहली बार चुनाव लड़े चुनाव जीतने के बाद प्रदेश सरकार में युवा राज्य मंत्री के रूप में सक्रिय बने हुए है।

# फसलों की गिरदावरी दर्ज न होने से गेहूं पंजीयन की रफ्तार धीमी

### गेहूं बेचने पंजीयन कराने किसान हो रहे हैरान-परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

7 फरवरी से समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने पंजीयन की शुरुआत हुई। 8 मार्च तक पंजीयन होना है। पिछले 2 सप्ताह में जिस प्रकार गेंहू पंजीयन की धीमी रफ्तार बनी हुई है। उसका मुख्य कारण फसलों की गिरदावरी दर्ज ना होना किसानों द्वारा बताया जा रहा है। किसान पंजीयन कराने, केन्द्रों पर चक्कर लगा रहे है। परन्तु फसल गिरदावरी ऐप पर दर्ज न होने के कारण उन्हें समय बर्वाद कर वापिस लोटना पड़ रहा है।



वर्तमान में शादी, विवाह, बारातों का सीज़न चल रहा है। दिन में अनेक विवाह होने से ग्रामीणों, किसानों की भागदोड़ हो रही है। ऐसे में लगभग 2 सप्ताह से गेंहू बेचने किसानों का पंजीयन न होना चिंता का विषय बना हुआ है। नर्मदा क्षेत्र की देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में गांव-गांव किसानों द्वारा मुख्य रूप से गेंहू का उत्पादन किया जाता है। किसानों द्वारा लाखों कुंटल गेंहू का उत्पादन कर अपने उपयोग का गेंह बचाकर शेष गेंहू समर्थन मूल्य पर बैचा जाता है।

किसानों के खेतों में कौन सी फसल है इसकी गिरदावरी राजस्व विभाग के पटवारियों द्वारा दर्ज की जाती है। किसानों के पंजीयन के दौरान फसल गिरदावरी ऐप में दर्ज फसलों का मिलान होने पर पंजीयन होता है। परन्तु गिरदावरी न होने से गेंहू बेचने पंजीयन की गति धीमी बनी रहने से समय निकलता जा रहा है। 8 मार्च तक पंजीयन होना है। वहीं इस बीच त्यौहार होने से पंजीयन कराने किसान भारी परेशान बने नजर आ रहे है।

### भगवत प्राप्ति का पहला सूत्र है 'गुणग्राही' बनना: आशीर्वाद महाराज

**रहली।** स्थानीय देवलिया मंडपम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन रविवार को भावपूर्ण वातावरण में हुआ। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आशीर्वाद महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की हृदयस्पर्शी लीलाओं का वर्णन करते हुए सुदामा चरित्र की मार्मिक व्याख्या की, जिसे सुनकर पाण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि भगवत प्राप्ति का मार्ग बहुत कठिन नहीं है, बस हमारी दृष्टि में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य सूत्रों पर प्रकाश डालते हुए बताया: गुणग्राही दृष्टि: दूसरों में दोष ढूंढने के बजाय उनके गुणों को देखना ही भगवत प्राप्ति का पहला सूत्र है। जब व्यक्ति दूसरों के गुणों को अपनाता है, तो उसका अंतःकरण शुद्ध हो जाता है। कामना रहित प्रेम: भगवान की भक्ति किसी सांसारिक इच्छा या लालच के लिए नहीं, बल्कि निस्वार्थ प्रेम के साथ करनी चाहिए। ऐसी प्रेममय भक्ति ही ईश्वर को आपके करीब लाती है। नाम जप की महिमा: कलयुग में भगवान का नाम जप सर्वश्रेष्ठ है। यह प्रभु से जुड़ने का सबसे सहज और सरल उपाय है। श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि संसार में श्रीकृष्ण जैसा मित्र मिलना असंभव है।



### कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ पर हुआ संपन्न

**सागर।** फरवरी माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजारोहण कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ पर स्वतंत्रता सेनानी स्व.भाई अब्दुल गनी के पुत्र मुख्य अतिथि रफीक गनी के करकमलों से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रफीक गनी ने सेवादल की कांग्रेस में महत्ता को बताते हुए कहा कि कांग्रेस सेवा दल की स्थापना डा. नारायण सुब्बाराव द्वारा की गई थी। पंडित जवारलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक अपनी इस परंपरा को कायम रखे हुए है। देश में एकता, अखंडता को बनाए रखने में कांग्रेस सेवा दल की हमेशा प्रमुख भूमिका रही। मुख्य अतिथि ने 24 फरवरी को भोपाल में होने वाले विधानसभा घेराव में सभी कांग्रेस जनों को उपस्थित रहने की अपील की । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ओर संचालन द्वारका चौधरी ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी सेवादल परिवार जनों ने वरिष्ठ कांग्रेसी धर्मेंद्र चौधरी, एड.शिव शंकर तिवारी और रवि सोनी के भाई के निधन पर मौन रखकर आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### 21 मरीजों को उनके परिजनों सहित 5 एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल इलाज हेतु रवाना किया

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में प्रत्येक रविवार की भांति हृदय, कैंसर,हड्डी एवं गैंगरीन जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित उपचाररत मरीजों से पूर्व मंत्री पं गोपाल भार्गव ने निज निवास गणनायक पर भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा सभी को शीघ्र स्वस्थ होने हेतु आश्वस्त किया। भार्गव ने बताया कि रविवार को 21 मरीजों को उनके परिजनों सहित 05 एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल इलाज हेतु रवाना किया गया।

### पिपरिया, उदयपुरा मार्ग पर विवाह, बारातों से जाम, प्रशासन बना निष्काम

# बिना अनुमति और नियमों का पालन किए बगैर ही संचालित हो रहे दर्जनों मैरिज गार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

एक-एक दिन में दर्जनों विवाह, बारातों और ग्रामीण भी अब पुत्र-पुत्रियों के विवाह करने लगे है। नगर में एक दर्जन से अधिक मैरिज गार्डन संचालित हो रहे है। सबसे अधिक संख्या पिपरिया मार्ग, उदयपुरा मार्ग, फोरलेन 45 पर है। एक दिन में अनेक विवाह, बारातों के लगने से रात में पिपरिया मार्ग, उदयपुरा मार्ग पर जाम लगने के साथ जोखिम भरी स्थिति में आवागमन और विवाद की स्थितियां बनती है।

बरेली नगर सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में सबसे बड़ा व्यापारिक प्रशासनिक स्थान है। पिपरिया मार्ग पर ही लगभग एक दर्जन मैरिज गार्डन संचालित हो रहे है। इतने ही मैरिज गार्डन उदयपुरा रोड, फोरलेन और नगर के भीतर संचालित हो रहे है। मैरिज गार्डन बनाने, संचालित करने वाले नियमों की अनदेखी कर संचालन किए जाने से विवाह, बारातों की अधिकता में आमजन का दोनों प्रमुख मार्गों पर घंटों जाम में फसे रहना मजबूरी बना रहता है।



वाहन निकालने में विवाद की स्थिति भी बनती है। इसका सबसे बड़ा कारण मैरिज गार्डनों में वाहन पार्किंग का स्थान कम और वाहनों की भारी संख्या और मुख्य सडक़ पर ही वाहन खड़े कर देने से यातायात अवरूद्ध जोखिम भरा हो जाता है। पिछले दिनों पिपरिया मार्ग पर रात में घण्टों जाम की स्थिति बनी रहने पर पुलिस को बमुश्किल जाम हटाने में सफलता मिली।

#### नदी-नालों सड़क किनारे जुठन सामग्री

एक-एक विवाह में हजारों लोगों की उपस्थिति और स्वरूचि भोज के कारण भारी मात्रा में जुठन, डिस्पोजल सामग्री निकलती है। उक्त सामग्री को मैरिज गार्डन संचालकों द्वारा नदी-नालों या सडक़ों के किनारे फेंक दिए जाने गंदगी, बदबू और मवेशियों के कारण वाहन चालक आसपास के निवासी परेशान बने रहते है।

#### इनका कहना है

न.प. में सिर्फ 2 मैरिज गार्डन दर्ज है। मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस जारी कर उन्हें न.प. में दर्ज कराया जाएगा। दूषित खाद्य सामग्री सडक़ों पर देखी गई तो संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी।


- **हरीशंकर वर्मा,** सीएमओ न.प. बरेली।

## श्री शिव महिला मंडल के तत्वावधान में 7 दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बरेली में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजन हो रहा है। कथा स्थल श्री गिरिराज कालोनी पशु चिकित्सालय मैदान में श्री शिव महिला मंडल द्वारा 31 वें वर्ष में कथा का आयोजन, तैयारियां और संपर्क महिलाओं द्वारा किया जा रहा है।

शिव महिला मंडल द्वारा कराई जा रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में महंत प्रज्ञा भारती जी रेवापुत्री द्वारा 24 फरवरी से भागवत कथा के विभिन्न कथा प्रसंगों का वर्णन और श्रीराधा कृष्ण की भक्ति, सनातन संस्कृति का वर्णन किया जाएगा। कथाओं की नगरी बरेली में प्रारंभ होने से पूर्व नगर में कलश शोभायात्रा निकाले जाने की परंपरा है। 24 फरवरी को



नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर से कथा व्यास पू. प्रज्ञा भारती जी के सानिध्य में नगर के धार्मिक, सामाजिक संगठनों के सहयोग से महिलाओं द्वारा धूमधाम से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद कलश शोभायात्रा का कथा स्थल पशु चिकित्सालय प्रांगण में समापन के बाद 7 दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ होगा।

### परसोंन में जम रहा जुआ फड़, पुलिस बनी बेखबर

**मालथौन।** पुलिस की नाक के नीचे और कानून को ठेंगा दिखाते हुए मालथौन थाना क्षेत्र का परसोन गांव इन दिनों जुआरियों का अड्डा बना हुआ है। बीते कुछ समय से यहाँ जुए का अवैध कारोबार कॉर्पोरेट ऑफिस की तरह संगठित रूप से फल-फूल रहा है। खेतों और सुनसान ठिकानों पर रोजाना लाखों की हार-जीत हो रही है, लेकिन अफसोस कि कानून के रक्षक ही इस अवैध साम्राज्य के 'सारथी' बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार इस पूरे जुआ सिंडिकेट के पीछे मालथौन थाने के आरक्षक की सीधी संलिप्तता है। चर्चा है कि यह आरक्षक न केवल जुआरियों को पुलिसिया रेड की पल-पल की अपडेट देता है, बल्कि पूरे खेल का 'मैनेजमेंट' भी संभाल रहा है। खेल से निकलने वाली मोटी रकम का एक बड़ा हिस्सा 'कमीशन' के तौर पर इस आरक्षक के माध्यम से सिस्टम के विशेष गलियारों तक पहुँच रहा है। जिसके चलते अपराधी पुलिस के खौफ से पूरी तरह मुक्त हैं।

## खबर संक्षेप

### बिजली का पोल खड़े करने में पलटी क्रेन



**रायसेन।** रविवार दोपहर को शहर के एसपी कार्यालय के सामने बिजली का पोल डिवाइडर के बीच गाड़ते समय एक क्रेन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा सांची मार्ग पर डिवाइडर के बीच बिजली पोल स्थापित करने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान क्रेन चालक द्वारा पोल को उठाकर निर्धारित स्थान पर खड़ा किया जा रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और क्रेन एक ओर झुककर पलट गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए सांची-विदिशा मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और यातायात को नियंत्रित कर वैकल्पिक मार्ग से वाहनों को निकाला गया। बाद में दूसरी क्रेन की मदद से पलटी हुई मशीन को सीधा किया गया। तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका।

### विधायक ने सामूहिक रूप से सुना 'मन की बात'



**रायसेन।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के 131वें एपिसोड 'मन की बात' कार्यक्रम का सांची क्षेत्र में सामूहिक श्रवण किया गया। विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का आयोजन सांची विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों और मंडलों में किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के सकारात्मक प्रयासों को राष्ट्रीय मंच देने का माध्यम है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सामाजिक सरोकार, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की। जिन्हें कार्यकर्ताओं ने प्रेरणादायी बताया। विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को हर माह नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।

### शिवसेना जिला इकाई ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**रायसेन।** चालीस देशों से आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल के सामने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से निर्वस्त्र होकर किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। इस घटना को लेकर शिवसेना जिला इकाई रायसेन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। शिव सेना जिला इकाई अध्यक्ष बाबूलाल चक्रवर्ती के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि विदेशी मेहमानों के सामने इस प्रकार का प्रदर्शन भारत देश की छवि को धूमिल करने वाला है। शिवसेना नेताओं ने आरोप लगाया कि इस घटना से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी अपमान हुआ है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि भारत की संस्कृति और परंपराओं के विपरीत इस तरह का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश को शर्मसार करने वाला है।

### रविवार की सुबह भोपाल हाईवे पर छाया कोहरा

**दीवानगंज।** क्षेत्र में तीन दिन तक हल्की बारिश होने के बाद रविवार की सुबह भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर अचानक घना कोहरा छा गया। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे आने-जाने वाले वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा। हाईवे से गुजरने वाले कई चालकों ने बताया कि कोहरे की वजह से सामने से आने वाले वाहन देर से दिखाई दे रहे थे।

## जंजीरों में बांधकर जताया विरोध

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कानून के खिलाफ सवर्ण समाज की हुंकार






# 'यूजीसी कानून' के विरोध में सवर्ण समाज का उग्र प्रदर्शन, महिलाओं-बच्चों संग सड़कों पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

रविवार को शहर के महामाया चौक स्थित गांधी प्रतिमा के सामने सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी के नए प्रावधानों के विरोध में आक्रोश सभा एवं रैली निकालकर भाजपा कार्यालय में बच्चे जमा करो आंदोलन का आयोजन किया गया। इस आंदोलन में भारी संख्या में सवर्ण समाज के बच्चे, महिलाएं एवं पुरुष वर्ग शामिल रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए रेग्यूलेशन को 'काला कानून' बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।

सभा में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार यूजीसी कानून वापस नहीं लेती है तो सड़क से संसद तक विरोध किया जाएगा। वक्ताओं का आरोप था कि यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था और समाज के एक वर्ग के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। इन प्रावधानों से छात्रों और शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा तथा दुरुपयोग की आशंका बनी रहेगी।

इस आंदोलन में भारी संख्या में बच्चे, महिलाओं के साथ करणी सेना के राष्ट्रीय सदस्य, जिला अध्यक्ष, ब्राम्हाण समाज, वैश्य, कायस्थ, रघुवंशी, बघेल, जैन, सिंधी, पंजाबी, क्षत्रिय, राजपूत, अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन कु प्रिया शुक्ला ने किया।

### भेदभाव को बढ़ावा का आरोप

सवर्ण समाज ने कहा कि यह कानून एक वर्ग विशेष के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देता है और शिक्षा संस्थानों के हितों के विपरीत है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस नियम के दुरुपयोग की आशंका को लेकर रोक लगाने से इसकी खामियां उजागर हो चुकी हैं। इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा इसे वापस न लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा भी इसके नियमों में संशोधन कर इसे लागू कर दिया है।



**सड़कों पर उतरा जनसैलाब, यूजीसी कानून के खिलाफ सवर्ण समाज का शक्ति प्रदर्शन**

**'कानून वापस लो' नारों से गूंजा शहर, महिलाएं और बच्चे भी रहे शामिल**

**परिवार सहित प्रदर्शन में शामिल हुआ समाज, यूजीसी वापस लेने की मांग तेज**




### प्रदर्शन कारियों का फूल बरसा कर किया स्वागत

रैली भाजपा जिला कार्यालय पहुंचते ही भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन कारियों का फूल बरसा कर एवं जमा किए बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सवर्ण समाज द्वारा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बात ऊपर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### भाजपा जिला कार्यालय में जमा किए बच्चे

प्रदर्शन के बाद सवर्ण समाज के लोग रैली के रूप में हाथ में यूजीसी हटाओ, भेदभाव हटाओ, हिन्दू-हिन्दू भाई-भाई, समरसता ही हमारी संस्कृति है आदि स्लोगन की तख्तियां लेकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे, इस रैली में महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ पुरुष वर्ग हाथ में जंजीरें पहने हुए दिखाई दिए। भाजपा कार्यालय में प्रतीकात्मक रूप से बच्चों को जमा किया, जहां बच्चों ने भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा से अपने सवालों का जबाव मांगा। वहीं जिलाध्यक्ष शर्मा को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में यूजीसी जैसे कालू कानून को वापस लेने एवं समरसता के भाव को बनाए रखने की मांग की।

### जंजीरों में बंधकर किया प्रदर्शन

यूजीसी जैसे काले कानून के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपने आपको जंजीरों से बांधकर सैकड़ों की संख्या में रैली के रूप में भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। इस विषय पर उनका कहना था कि सरकार ने हमारे हाथ बांध दिए है, अब हम कहीं के नहीं रहेंगे।

### डॉक्टर पकोड़े वाला रहा चर्चा का विषय

रैली के दौरान सवर्ण वर्ग द्वारा प्रतीकात्मक एमबीए चाय वाला, डॉक्टर पकोड़े वाला आदि के हाथ ठेले पर स्टॉल साथ लेकर चल रहे थे। इस विषय पर उन्होंने बताया कि सरकार चाहती है कि सवर्ण पकोड़े और चाय बेंचे, जब माइनस 4 नंबर वाले का एमडी मेडिकल में चयन हो जाता है और 100 नंबर वाले नहीं हो पाता तो डॉक्टर भी पकोड़े ही तलेगा।

डॉक्टर पकोड़े वाले रहा चर्चा का केंद्र



भाजपा कार्यालय में जमा किए बच्चे



लोगों ने यूजीसी के खिलाफ ली शपथ



आंदोलन में मातृशक्ति भी रही आगे




## हाटबाजार में पुलिस की गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏩ दीवानगंज।

रविवार देर शाम को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा , संदीप रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस बल ने रविवार को साप्ताहिक हाट बाजार में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजार क्षेत्र, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं मुख्य मार्गों पर विशेष निगरानी रखी गई।



पुलिस टीम ने बाजार में आने वाले दुकानदारों और ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें सतर्क रहने तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। चौकी प्रभारी सुनील शर्मा ने बताया कि हाट बाजार के दिनों में क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से नियमित गश्त की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना पर अंकुश लगाया जा सके। गश्त के दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था भी देखी तथा अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटवाकर मार्ग सुचारु कराया। पुलिस की इस कार्रवाई से बाजार में सुरक्षा का माहौल बना रहा और आमजन ने पुलिस की मौजूदगी पर संतोष जताया।

## सागर भोपाल स्टेट हाईवे पर डीजल से भरा टैंकर डिवाइडर से टकराया, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

थाना गैरतगंज के तहत बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया। जब तहसील कार्यालय के सामने नवनिर्मित सड़क पर डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। टैंकर में करीब 5 हजार लीटर डीजल भरा हुआ था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर काफी भीषण थी, लेकिन



गनीमत रही कि टैंकर का टैंक नहीं फटा और कोई जनहानि या मालहानि नहीं हुई। यदि टैंक क्षतिग्रस्त हो जाता तो आगजनी या विस्फोट जैसी गंभीर घटना हो सकती थी। जिससे आसपास मौजूद लोगों, दुकानों और वाहनों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका थी।

एसजीआई कंपनी के कर्मचारी सुंदर तोमर ने बताया कि टैंकर पेट्रोल पंप से डीजल भरकर प्लांट की ओर जा रहा था। तभी वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया और टैंकर डिवाइडर से जा टकराया।

## गर्ल्स कॉलेज में हुआ वन स्टॉप सेंटर का जागरूकता संवाद कार्यक्रम

# बालिकाएं आपात स्थिति में 181 से ले सकती हैं सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

भारत सरकार की मिशन शक्ति (संबल उपयोजना) के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय रायसेन में जागरूकता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, यौन शोषण एवं उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में प्रशासक डॉ. प्राची सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंसा से प्रभावित बालिकाओं एवं महिलाओं को एक ही स्थान पर पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता, परामर्श सेवा एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक जिले में वन स्टॉप सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। रायसेन में भी यह केंद्र जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।




डॉ. सिंह ने घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया दुरुपयोग और यौन शोषण के विभिन्न प्रकारों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालिकाएं किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में महिला हेल्पलाइन 181 पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने पॉक्सो एक्ट तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को शिक्षा काल का सदुपयोग करने, आर्थिक रूप से सशक्त बनने और अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं के प्रति सजग रहने की सीख दी गई। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। यदि बालिकाएं अपने अधिकारों और कानूनों की जानकारी रखेंगी तो वे किसी भी प्रकार की हिंसा और कुरीति के खिलाफ मजबूती से आवाज उठा सकेंगी।

प्राचार्य डॉ. विनोद सेंगर एवं डॉ. रिचा श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं समाज में सकारात्मक परिवर्तन की अग्रदूत बन सकती हैं। आवश्यकता है आत्मविश्वास, शिक्षा और जागरूकता की।

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केसवर्कर सविता कुशवाह सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। जागरूकता संवाद कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को सुरक्षा, अधिकार एवं आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## चालक की मौके पर ही हुई दुखद मौत

# एनएच-45 पर भीषण हादसा खड़े ट्रक में जा घुसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायसेन

जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र के तहत नेशनल हाईवे 45 पर नागिन मोड़ के नीचे बाबा ढाबा के पास सुबह करीब साढ़े 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक जा घुसा।

बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाड़ी थाने के टीआई राजेश तिवारी ने बताया कि बताया कि सड़क हादसे के राहत एवं बचाव कार्य पुलिस जवानों द्वारा किया गया। उधर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज रफ्तार में आ रहा था और चालक



नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते वह सीधे खड़े ट्रक से टकरा गया। सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक में दबे चालक को जेसीबी मशीन से बाहर निकाला।